web: www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 23 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 173

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मैरिटल रेप से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट इस तारीख को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मैरिटल रेप यानी पत्नी से जबरन शारीरिक संबंध बनाने को अपराध करार देने की मांग और इससे जुड़ी अन्य याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय नौ मई 2023 को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जय सिंह की गुहार पर मामले को नौ मई को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इसे सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर इस मामले में 15 फरवरी तक अपना पक्ष रखने को कहा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि केंद्र सरकार का जवाब तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल 11 मई को खंडित फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की गई थी। इसके अलावा और कई याचिकाएं दायर की गई थी।

### कोरोना बढ़ा रहा टेंशन, पीएम मोदी ने की हाईलेवल बैठक

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** कोरोना के बढ़ते मामलों ने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अहम बैठक करके देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की। कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती प्रवीन पवार, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, आईसीएमआर के राजीव बहल, नीति आयोग से वीके पॉल, गृह सचिव अजय भल्ला, पीएमओ के अधिकारीऔर अन्य मौजूद रहे। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक आज की बैठक में देश के उन राज्यों पर भी विचार चर्चा हुई जहां कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। दरअसल महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को चि_ी लिखकर कोरोना के प्रति सतर्क रहने को कहा था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के 1,134 नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 7,026 पहुंच गई है।

### जम्मू-कश्मीर : सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, बीएसएफ ने की गोलीबारी

**जम्मू (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर बुधवार तडक़े गोलीबारी की, जिसके बाद इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रामगढ़ सब-सेक्टर में चमलियाल सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने मंगलवार देर रात ढाई बजे के आसपास पाकिस्तान की ओर आकाश में टिमटिमाती लाल रोशनी देखी, जो संभवत: ड्रोन थी। जवानों ने उसे मार गिराने के लिए दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं। सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान की तरफ लौट गया, जिसके बाद चमलियाल, सपवाल और नारायणपुर सीमा चौकियों से सटे अग्रिम गांवों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन के जरिये क्षेत्र में कोई हथियार या मादक पदार्थ तो नहीं गिराया गया है। सूत्रों के अनुसार, अभियान के लिए बड़ी संख्या में तैनात बीएसएफ जवान दुग, चन्नी-सपवाल और आसमपुर गांवों के खुले मैदानों में तलाशी ले रहे हैं।

### धनबाद में मंदिर घूमने गई नाबालिग लडक़ी से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

**धनबाद (आरएनएस)।** धनबाद पुलिस ने जिले के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध लिलोरी मंदिर परिसर में घूमने गई 15 वर्षीय लडक़ी से गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लडक़ी बीते मंगलवार को अपने एक एक दोस्त के साथ मंदिर परिसर पहुंची थी। वह मंदिर के पास स्थित एक पार्क स्थित शौचालय में गई तो वहां चार युवकों ने उसे कब्जे में लेकर गैंगरेप किया। युवकों ने उसके दोस्त के साथ मारपीट की और उसे वहां से भगा दिया। लडक़ी के बयान पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# प्रदेश में 33 शासकीय और 76 अशासकीय नए महाविद्यालयों को मिली स्वीकृति : महाविद्यालयों के नेक ग्रेडिंग में छत्तीसगढ़ का स्थान देश में पहला

- मंत्री उमेश पटेल के विभागों के लिए 1659 करोड़ की अनुदान मांगें हुई पारित



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार विभाग के मंत्री उमेश पटेल के विभागों के लिए कुल 1659 करोड़ 10 लाख 18 हजार रूपए की अनुदान मांगें सर्वसम्मति से पारित की गई। उच्च शिक्षा विभाग के व्यय के लिए 952 करोड़ 16 लाख 20 हजार रूपए, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 112 करोड़ 97 लाख 81 हजार रूपए, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा रोजगार विभाग के लिए 567 करोड़ 27 लाख 17 हजार रूपए और विज्ञान और टेक्नालॉजी विभाग के व्यय के लिए 26 करोड़ 69 लाख रूपए की राशि शामिल हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए सदन में बताया कि युवाओं को पात्रता अनुसार एक अप्रैल 2023 से 2500 रूपए प्रतिमाह बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा। इसके लिए मापदंड निर्धारित किए गए हैं। यह भत्ता उन्हें दिया जाएगा, जिनकी आय सालाना 2.50 लाख ज्यादा न हो। वह प्रथम या द्वितीय श्रेणी के अधिकारी के परिवार से न हो। वह आयकर दाता की श्रेणी में न हो। साथ ही अनिवार्य रूप से प्रत्येक दो वर्ष में जीवित पंजीयन कराना होगा। पटेल ने कहा कि सरकार बेरोजगारी भत्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है, इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 250 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

पटेल ने कहा कि जब मुख्यमंत्री बघेल ने मुझे विभाग का कार्यभार सौंपा तो सर्वप्रथम शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान रखने को कहा गया और इसके लिए हमने ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि सत्र के दौरान ही 7 मार्च को यूजीसी ने नेक ग्रेडिंग के संबंध में ट्वीट कर जानकारी दी, जिसमें छत्तीसगढ़ का स्थान पहला है। इसमें बताया गया है कि 6 माह में नेक ग्रेडिंग में पूरे देश में छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया है। इसमें प्रदेश के 98 महाविद्यालय शामिल है। पटेल ने बताया कि वर्ष 2003 से वर्ष 2018 के मध्य यूजीसी ने केवल 36 कॉलेजों का मूल्यांकन किया था, जबकि पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने अब तक 211 कॉलेजों में से 192 कॉलेजों का मूल्यांकन करा लिया गया है। शेष महाविद्यालयों का जल्द मूल्यांकन करा लिया जाएगा।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में हमने 33 नए शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय खोले हैं तथा 23 कॉलेजों की स्वीकृति है। इससे लगभग एक लाख 8 हजार सीटें बढ़ी है। इस प्रकार हमारी सरकार के कार्यकाल में 44 प्रतिशत सीटों की वृद्धि हुई है। अब एक लाख से अधिक बच्चे कॉलेज में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रास एनरोलमेंट रेसियो में हमने पिछले 4 वर्षों में आवश्यक सुधार किया है और हम 20 प्रतिशत तक पहुंच गए है।

पटेल ने कहा कि हम नियुक्तियों की बात करें तो वर्ष 2003 से 2018 तक सिर्फ 1218 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई थी, जबकि हमारी सरकार ने 1200 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की है। हमारी सरकार ने ग्रंथपाल के 40 पद और क्रीड़ा अधिकारी के 40 पदों पर भर्ती की है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के संतुलन को बनाए रखने के लिए पिछड़े एवं अति पिछड़े क्षेत्र में नई नीति पर काम कर रहे हैं। जिससे पीपीपी मॉडल पर नए महाविद्यालय खोले जायेंगे। इस कदम से जीआर को बढ़ाया जा सकेगा।

पटेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। सिर्फ आधारभूत संरचानाओं पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि नए खेल अकादमी भी शुरू किए हैं। हमारी सरकार के प्रयासों द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ में हॉल ही में 10 नए खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति दी। जिससे छत्तीसगढ़ में अब खेलो इंडिया स्किम के तहत कुल आवासीय खेल केन्द्रों की संख्या 24 हो गई है।

उन्होंने बताया कि इसके पहले चरण में 7 जिलों में नारायणपुर में मलखंब, बीजापुर में तीरंदाजी, शिवातराई बिलासपुर तीरंदाजी, गरियाबंद में बॉलीबाल, सरगुजा में फुटबाल, जशपुर एवं राजनांदगांव में हॉकी की अकादमी एवं इसके दूसरे चरण में 7 जिले बालोद में वेटलिफ्टिंग, बलौदाबाजार में फुटबाल, दुर्ग में कबड्डी, कांकेर में खो-खो, रायपुर में वेटलिफ्टिंग, रायगढ़ बैडमिंटन, सुकमा में फुटबाल खेलो इंडिया लघु केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। पटेल ने कहा कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी न सिर्फ राज्य में बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह 'खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने में एक और सार्थक कदम सिद्ध हुआ है। साथ ही इस सत्र में नारायणपुर में मलखंब अकादमी जगदलपुर में शहीद गुण्डाधूर तीरंदाजी अकादमी एवं क्याकिंग एण्ड कैनोइंग अकादमी और जशपुर में तीरंदाजी अकादमी शुरू की जा रही है। यह सारी अकादमी आवासीय है।

## भूकंप के झटकों से कांपे 9 देश, पाकिस्तान में सबसे ज्यादा तबाही- 9 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बीती रात आए भूकंप का असर एशिया के कई देशों में देखा गया। भारत समेत 9 देशों में काफी देर तक भूकंप के झटके महसूस किए गए और 40 सेकंड तक धरती हिलती रही। दहशत की वजह से लोग घरों से बाहर आ गए। रिक्टर स्केल पर 6।6 तीव्रता वाले भूकंप का एपिसेंटर अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र जमीन से 56 किलोमीटर की गहराई में था। हिन्दूकुश पर्वत वाले इस इलाके में अक्सर भूकंप के झटके आते रहते हैं। भूकंप के झटके अफगानिस्तान और चीन समेत 9 देशों में महसूस किए गए।

भूकंप के केंद्र अफगानिस्तान में जान-माल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अब तक 9 लोगों की मौत की खबर है। तेज झटके आने के बाद खैबर पख्तूनख्वा में इमारत गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। यहां अबतक 11 की मौत हो चुकी है और 150 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एशिया के तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में भी भूकंप वाला हडक़ंप देखा गया। इन देशों में भूकंप से भारी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

भारत में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, और मध्य प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किये गए। बता दें कि रात के भूकंप के झटके के बाद हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में रात 12:51 पर एक बार फिर से भूकंप का मामूली झटका महसूस किया गया। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.8 आंकी गई। एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के बाद जम्मू कश्मीर के कुछ इलाकों में मोबाइल सेवा भी बंद हो गई।

## 5जी के बाद अब आने वाला है 6जी, पीएम ने पेश किया विजन डॉक्यूमेंट




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 5जी लॉन्चिंग में भले ही देश में देरी हुई, लेकिन 6जी को लेकर तैयारी अभी से शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने 6जी रिसर्च और डेवलपमेंट टेस्ट बेड लॉन्च किया है। उन्होंने 'कॉल बिफोर यू डिग' एप भी लॉन्च किया।

नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान सरकार का 6जी विजन डॉक्यूमेंट पेश किया। उन्होंने कहा, 5जी रोलआउट के 6 महीने बाद ही आज हम 6जी की बात कर रहे हैं। इससे भारत का कॉन्फिडेंस दिखता है। आज हमने अपना विजन डॉक्यूमेंट सामने रखा है। ये अगले कुछ वर्षों में 6जी रोलआउट करने में बड़ा आधार होगा।

पीएम ने कहा कि पहले भारत टेलीकॉम टेक्नोलॉजी का सिर्फ यूजर था। अब भारत दुनिया में टेलीकॉम टेक्नोलॉजी का बड़ा निर्यातक होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 5जी की शक्ति की मदद से पूरी दुनिया का वर्क कल्चर बदलने के लिए भारत कई देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह दशक भारत का ह्लद्गष्द्ध-ड्डस्रद्व है। भारत का टेलीकॉम और डिजिटल मॉडल स्मूथ, सुरक्षित, पारदर्शी, भरोसेमंद और परखा हुआ है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ की यूनिक जरूरतों को देखते हुए टेक्नोलॉजी, डिजाइन और स्टैंडर्ड की भूमिका बहुत अहम है। ग्लोबल साउथ अब ट्रेक्नोलॉजी डिवाइड को तेजी से कम करने में जुटा है। जब हम टेक्नोलॉजी डिवाइड को ब्रिज करने की बात करते हैं तो भारत से अपेक्षा करना बहुत स्वाभाविक है। भारत का सामर्थ्य, इनोवेशन कल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल्ड और इनोवेटिव मैनपावर, फेवरेबल पॉलिसी एनवायरनमेंट इस अपेक्षा का आधार हैं। भारत के पास ट्रस्ट और स्केल की दो प्रमुख शक्तियां हैं। बिना ट्रस्ट और स्केल के हम टेक्नोलॉजी को कोने-कोने तक नहीं पहुंचा सकते। इस दिशा में भारत के प्रयासों की चर्चा पूरी दुनिया कर रही है।

पीएम ने कहा, भारत के लिए टेलीकॉम टेक्नोलॉजी मोड ऑफ पावर नहीं, बल्कि मिशन ऑफ इमपावर है। आज डिजिटल टेक्नोलॉजी भारत में यूनिवर्सल है, सबकी पहुंच में है। अब गांवों में इंटरनेट यूजर्स की संख्या शहरों में रहने वाले इंटरनेट यूजर्स से अधिक हो गई है। ये इस बात का प्रमाण है कि डिजिटल पावर कैसे देश के कोने-कोने में पहुंच रही है।

## मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप 1 अप्रैल से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगी 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता

- कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा
- योजना को स्वीकृति प्रदान: मापदंड एवं शर्तें जारी किए गए

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इस संबंध में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है।

शिक्षित बेरोजगारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। वह मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकंडरी (12वीं) उत्तीर्ण हो। वह जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य है-पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता।

पात्र शिक्षित युवा को प्रथमत: एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष का एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है, तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी।

एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोडक़र अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी को ऑफर दिया जाता है, परन्तु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है, तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा।

पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधान सभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे। 10,000/- रूपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगी के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। वे परिवार जिन्होंने पिछले असेस्मेंट ईयर में इनकम टैक्स भरा हो, उनके परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। अन्य पेशेवर जैसे- इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड एकाऊन्टेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत ऑर्किटेक के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे।

## अजमेर में 30 फीट की ऊंचाई से झूला गिरा, मची चीख-पुकार

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के अजमेर में 30 फीट की ऊंचाई से केबल टूटने से झूला गिर पड़ा। इस हादसे में 15 लोग घायल हो गए। अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे है। घटना मंगलवार शाम की है। लोग हिंडोला की सवारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक केबल टूटने से झूला नीचे आ गिरा। हादसे के चलते हर तरफ अफरातफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब सवा छह बजे हिंडोला में 25 लोग बैठे थे। अचानक केबल टूट गया और झूला 30 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। इससे अफरातफरी मच गई। सात बच्चों समेत 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जेएलएन अस्पताल ले जाया गया।

सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद अचानक हडक़ंप मच गया। दुकानें और स्टॉल को बंद करवा दिया गया। राइड ऑपरेटर और ऑर्गेनाइजर मौके से फरार हो गया।

अजमेर के कुंदन नगर इलाके में 27 फरवरी को लगे 'डाबर डिज्नीलैंड' नाम के मेले में लोगों के लिए झूले और कई मजेदार राइड थी। मेला 28 मार्च को समाप्त होना था।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि झूला केबल के सहारे ऊपर चढ़ता है। उसी के सहारे नीचे उतरता है। ऐसी स्थिति में केबल के खुलने या टूटने के कारण यह हादसा हुआ है। हालांकि असली वजह जांच के बाद ही सामने आएगी।

# काशी में रोप-वे करेगा सफर आसान, प्रधानमंत्री रखेंगे आधारशिला

**वाराणसी(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना की आधारशिला 24 मार्च को रखेंगे। इसके साथ ही कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया के बीच रोपवे का काम शुरू हो जाएगा। यह परियोजना 644.49 करोड़ रुपए की है। रोपवे कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) से गोदौलिया चौराहे तक चलेगा। इस योजना से काशी विश्वनाथ मंदिर, दशाश्वमेध घाट जाना आसान हो जाएगा। वाराणसी में नेशनल हाईवे, रिंग रोड, फ्लाईओवर, आरओबी के बाद अब भीड़-भाड़ वाले इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप वे चलने से वाराणसी में आने वाले देशी -विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी काफी राहत मिलेगी।



इस रोपवे के बनने के बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, उनके पास ऑटो, टेम्पो और रिक्शा के अलावा एक और विकल्प मौजूद रहेगा। श्रद्धालु स्टेशन से उतरकर सीधा मंदिर के करीब तक जा सकेंगे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे पहले चरण में वाराणसी कैंट से गोदौलिया के बीच चलाया जाएगा। काशी के पुराने इलाकों की सडक़े सकरी होने और ट्रैफिक का दबाव निरंतर बढऩे से अक्सर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे देशी विदेशी पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि बोलीविया के लापाज और मेक्सिको के बाद भारत विश्व में तीसरा देश और वाराणसी पहला शहर होगा, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप-वे का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये पायलट प्रोजेक्ट है और इसका निर्माण स्विट्जरलैंड की कंपनी बथोर्लेट और नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड (एनएचएलपीएल) मिलकर करेंगी।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर बताया कि वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच स्टेशन होंगे। जिनमें कैंट रेलवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा। रोपवे की कुल दूरी 3.8 किलोमीटर होगी, जो करीब 16 मिनट में तय होगी। लगभग 50 मीटर की ऊंचाई से करीब 150 ट्रॉली कार चलेगी। एक ट्रॉली में 10 पैसेंजर सवार हो सकते हैं। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए ट्रॉली उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे। यानि 6000 लोग दोनों दिशा से एक घंटे में आ जा सकेंगे। रोप वे का संचालन 16 घंटे होगा। रोप वे 2 साल के अंदर बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया की भूमि अधिग्रहण, तार व पाइप शिफ्टिंग का काम तेजी से चल रहा है।

रोप-वे के लिए बनने वाले सभी स्टेशन पर काशी की कला, धर्म और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। रोप वे की ट्रॉली पर भी काशी की थांती देखने को मिल सकती है। कैंट रेलवे स्टेशन के पास ही रोडवेज बस अड्डा है इसलिए कैंट स्टेशन पर रोप-वे स्टेशन बनने से ट्रेन और बस से यात्रा करने वाले दोनों यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।